हादसा | मानपुर के खुटार में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक घायल

बाइक और कार की भीषण भिड़त में 2 की मौत

चिल्हारी नवभारत 20 जून। जिले के मानपुर जयसिंहनगर सड़क मार्ग एनएच 10 में खुटार में फार्म के पास शनिवार को एक भीषण और रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा हुआ है। बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है, वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से निजी वाहन में मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि मानपुर के गोवर्दे के खैरभान टोला निवासी तीन युवक अपने रिश्तेदारी में गए थे जहां आज सुबह वापस अपने घर लौट रहे थे, जहां घर पहुंचने से करीब डेढ़-दो किलोमीटर पहले ही सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि तीनों युवक बुरी तरह चोटिल जो गए।

घायल को शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया

पुलिस से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में रामकेश केवट निवासी गोवर्दे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं प्रदीप केवट उम्र करीब 30 वर्ष ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना में घायल हिमांशु केवट को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर से निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है।

नैनपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग

नैनपुर। मंडला-सिवनी मार्ग पर स्थित नैनपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलमंत्री और महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर और नैनपुर स्टेशन मास्टर को सौंपा। इस दौरान पार्टी ने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। ज्ञापन सौंपने से पहले आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्थानीय रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए। वहां से वे पैदल रैली के माध्यम से नारेबाजी करते हुए रेलमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने क्षेत्र की विकट समस्या को रेखांकित करते हुए कहा कि रेलवे फाटक बंद होने के कारण 100 बिस्तरीय अस्पताल जाने वाले मरीजों और एम्बुलेंस को मालगाड़ियों व सवारी ट्रेनों के चक्कर में लंबा इंतजार करना पड़ता है।

16 चक्का ट्रक की टक्कर से युवक की हुई मौत

कटंगी के पोला तिराहा पर हुई घटना

नवभारत, कटंगी। कटंगी दमोह रोड पर शाम को एक 16 चक्का ट्रक ने युवक को कुचल दिया, जिससे युवक की मौत हो गई।

बताया जाता है कि पोला तिराहे के पास यह एक्सीडेंट हुआ जिसमें तेल टैंकर जो जबलपुर से दमोह रोड जा रहा था इस दौरान एक युवक जिसका नाम दुर्गेश झारिया बताया जा रहा है और जो कि समीप के गांव कूड़ा का रहने वाला था। इस तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलने पर कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। जिसका ट्रक क्रमांक जी जे -39 टी 8129 था। फिलहाल कटंगी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

किसानों की बिजली समस्याओं पर हुई चर्चा

- बिजली अधिकारियों और किसान संघ के पदाधिकारी के बीच हुई बैठक

सिहोरा, नवभारत। भारतीय किसान संघ, महाकौशल प्रांत के ऊर्जा आयाम द्वारा सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर बिजली आफिस में शनिवार को बिजली कंपनी के अधिकारियों एवं किसान संघ के पदाधिकारी के बीच सारगर्भित बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में किसानों की बिजली समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रहलाद सिंह पटेल प्रांत महामंत्री, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर परोहा, जिला अध्यक्ष रामदास पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष सुभाष पटेल, तहसील उपाध्यक्ष मेवालाल पटेल, धर्मैन्द पटेल, टिकारिया ग्राम समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल, तहसील सिहोरा अध्यक्ष शैलेष पटैल, जेई रमेश कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

बैठक में पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में बिगड़े ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने, झूलती विद्युत केबल को सही करने, ओवरलोड ट्रांसफार्मर का लोड कम करने, घरेलू एवं कृषि बिजली की सतत आपूर्ति विद्युत, सब स्टेशनों के बिगड़े उपकरणों को शीघ्र बदलने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

सिहोरा में केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

सिहोरा, नवभारत। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन एवं शिव नामदेव अध्यक्ष सेवादल जिला कांग्रेस ग्रामीण जबलपुर, परमलाल अहवासी, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, राजेश चौबे, सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, दिलीप सिंह राजपूत ब्लॉक प्रभारी सिहोरा, फिरोज खान नगर प्रभारी सिहोरा, नीलेश सिंह बरकड़े, अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति जिला ग्रामीण द्वारा सभी का सम्मान पुष्प माला एवं मोमेंट से करते एवं सभी के मुख्य आथित्य में बिहारी पटेल अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा एवं पवन सोनी अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में, प्रकाश कुररिया, अलीमुद्दीन मंसूरी, संतोष पांडे, लाल बहादुर पाठक, शिवकुमार गर्ग, घनश्याम बड़गैया, दुर्जन सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बेलखेड़ा, दीपेंद्र सिंह मरकाम आदिवासी विकास परिषद, रविंद्र बर्मन जिला सोशल मीडिया

प्रभारी, ओम विश्वकर्मा अध्यक्ष एनएसयू आई विधानसभा सिहोरा के विशिष्ट आथित्य में मनाया गया।

कार्यकम में आगामी वर्ष 2027 में पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 15 जून से तक निर्धारित कार्यक्रम है जिससे संबंध में कांग्रेस पार्टी द्वारा रुचि लेकर मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रयास किया जाएगा, साथ ही कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त केके कुररिया, अध्यक्ष सेवादल ब्लॉक सिहोरा, अवसर पटेल अध्यक्ष किसान कांग्रेस ब्लॉक सिहोरा, शंकर वंशकार, अध्यक्ष अनुसूचित जाति ब्लॉक सिहोरा, चम्मू लाल गोटिया, अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति ब्लॉक सिहोरा, डब्बू पाठक अध्यक्ष सेवादल नगर सिहोरा का नियुक्ति पत्र प्रदान कर पुष्प माला एवं मोमेंटो के द्वारा स्वागत किया गया।

अंत में कांग्रेस पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का 56वां जन्मदिन केक काटकर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान रविदीप सिंह बेस अध्यक्ष तहसील बार एसोसिएशन सिहोरा, आलोक पांडे पूर्व पार्षद एवं मंडलम अध्यक्ष, रमेश पटेल पार्षद, मंसूर मंसूरी पूर्व पार्षद, राजेश पटेल पूर्व पार्षद, गणेश दाहिया पूर्व पार्षद,संदीप व्यवहार पूर्व पार्षद, राम लोचन गोटिया पूर्व पार्षद, गोस भाई आजाद पूर्व पार्षद, सुदीप पांडे पूर्व पार्षद, संदीप शुक्ला मंडलम अध्यक्ष, नवनीत शुक्ला मंडलम अध्यक्ष, डॉ रमेश पटेल मंडलम अध्यक्ष, डॉ दिनेश पटेल, जितेंद्र तिवारी, मनीष शुक्ला, केके दुबे, अजीत विश्वकर्मा, युसूफ खान, फैज आलम शाह, शेख साबिर, ओम नारायण श्रीवास्तव, शमशेर खान, डॉ. कोमल श्रीवास, उमाकांत चौरसिया, जमीला बानो, यश कुमार, अनिल दाहिया, शैलेंद्र विश्वकर्मा, सुभाष सिंह ठाकुर, विनीत सिंह राजपूत, रामेश्वर प्रसाद पटेल, अजय पटेल, एजाज कुरैशी, दिवाकर दुबे, सेलू ठाकुर, बलाराम तंतुवाय, सूरज प्रसाद तंतुवाय, परशुराम तंतुवाय, पंकज पटेल, मुन्ना भाई जान, लल्लू लाल यादव, शिवकुमार कोरी, राजेंद्र झरिया, कमलेश पटेल, प्रेमचंद दाहिया, सुखदेव नामदेव, भैया जी पटेल, राजेंद्र पटेल, हेमलता चौधरी, छोटी बाई, शशि कला चौधरी, शिवकुमार कोरी, संतोष गोटिया, फूलचंद गोटिया, बलराम गोटिया, रज्जू लाल गोटिया, फूलचंद झारिया, प्रदीप पटेल इत्यादि सैंकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

आंधी-तूफान और बारिश से बबलिया में मची तबाही

- गिरे पेड़ और उड़े मकानों के छप्पर, बिजली ठप, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

बबलिया। बबलिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंडरी तलाई, पौड़ी और नैझर में विगत दिवस आए भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार वर्षा ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के आम ग्रामीणों और निर्धन परिवारों को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी अनुसार अचानक इस तेज हवाओं के तांडव से क्षेत्र में लगे कई पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गए। तूफान का असर इतना भयानक था कि कई ग्रामीणों के मकानों की छत पर रखे खपरे और टीन-शेड हवा में उड़ गए, जिससे लोग खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो गए हैं।

बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप -आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में बिजली के खंभे और तार टूटकर गिर गए हैं। विद्युत लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। स्थानीय सरपंच राम चरण मसराम ने स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस आपदा से ग्रामीण जनों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। शासन-प्रशासन को इस तबाही का संज्ञान लेना चाहिए। ग्रामीणों ने मांग कि है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर पीड़ित ग्रामीणों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जाए।

गरीबों के सपनों को साकार कर रही सरकार : सिंह

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित

नौरोजाबाद नवभारत 20 जून। जिले के नगर परिषद नौरोजाबाद में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों के लिए गृह प्रवेश एवं हितलाभ (स्वीकृत प्रमाण पत्र) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद ज्ञान सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना के तहत नए पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही, जिन हितग्राहियों के पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं, उन्हें पूरे आदर और विधि-विधान के साथ उनके नए मकानों में गृह प्रवेश कराया गया।

पक्का घर पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिले

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, परिषद के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा हितग्राहियों को 'मेरा घर, मेरा सम्मान' के अंतर्गत उनके नए घर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपकर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। अपना पक्का घर और स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर साफ खुशी झलक रही थी।

आवास योजना के सफल क्रियान्वयन की सराहना की

अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उदाहरण प्रधान प्रधानमंत्री आवास योजना है। इसके तहत आज मेरे द्वारा आठ हितग्राहियों को उनके सपने के घर में प्रवेश कराया गया है।

नारायणगंज में 28 को सजेगी सुरों की महफिल

नारायणगंज। नारायणगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध सार्वजनिक बड़ी खेरमाई मंदिर के नवनिर्माण के उपलक्ष्य में आगामी 28 जून को भव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक उत्सव को खास बनाने सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर नारायणगंज आ रही हैं। बताया गया कि सार्वजनिक बड़ी खैरमाई मंदिर का नव निर्माण और धार्मिक आयोजन बसंत चक्रवर्ती एवं उनकी धर्मपत्नी वंदना चक्रवर्ती द्वारा कराया गया है। आयोजन समिति बड़ी खेरमाई बड़ी माई सेवा समिति और नारायणगंज के समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील कि है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजनों का आनंद के साथ पुण्य लाभ अर्जित करें।

निरीक्षण | कलेक्टर ने गौशाला एवं नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

गौवंश को हरा व सूखा चारा उपलब्ध कराया जाए : सहाय

चिल्हारी नवभारत 20 जून। कलेक्टर राखी सहाय ने जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डोडका में संचालित गौशाला तथा पीएम जन मन योजना के तहत नव निर्मित आंगनबाडी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होने उन्होंने गौवंश के रख रखाव, चारे एवं पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने गौशाला में मौजूद गौवंश की देखभाल के संबंध में अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की।

देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा एवं सूखा चारा उपलब्ध कराया जाए तथा स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा एवं संरक्षण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखें

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर एवं गोमूत्रआधारित उत्पादों के निर्माण तथा जैविक खेती में उनके उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।

आंगनबाड़ी की सुविधाओं का लिया जायजा

इसी तरह कलेक्टर राखी सहाय ने ग्राम डोंडका में ही प्रधानमंत्री जनमन (पीएम जनमन) योजना के तहत नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की गुणवत्ता, बच्चों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा केंद्र के संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत व्दारा आंगनबाडी केंद्र का निर्माण किया गया है, जो अभी तक हैंडओव्हर नहीं हुई है। कलेक्टर श्रीमती सहाय ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र में पेयजल, शौचालय, पोषण आहार वितरण, खेल सामग्री तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की।

अनियंत्रित तेज रफ्तार डंपर मकान और दुकान में घुसा

नैनपुर, नवभारत। नैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ईश्वरपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मंडला की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार डंपर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान और दुकान में जा घुसा।

बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर वहीं पर पलट गया, जिससे दुकान का शटर और दीवारें पूरी तरह जमींदोज हो गईं। गनीमत यह रही कि इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और मकान में मौजूद सदस्य सुरक्षित बच गए।

साइकिल रिपेयरिंग और जूते-चप्पल की दुकान क्षतिग्रस्त

यह दर्दनाक हादसा देवेंद्र अहिरवार की 56 वर्षीय नानी हिरन बाई अहिरवार के मकान में हुआ। मकान के सामने वाले हिस्से में साइकिल रिपेयरिंग और जूते-चप्पल की दुकान संचालित की जा रही थी, जिसे इस टक्कर से भारी नुकसान पहुंचा है। दुकान का शटर और दीवारें पूरी तरह टूट चुकी हैं। अच्छी बात यह रही कि दुर्घटना के समय दुकान बंद थी और वहां कोई ग्राहक या परिवार का सदस्य मौजूद नहीं था।

नींद की झपकी या स्टेयरिंग लॉक होने की आशंका

जानकारी अनुसार मंडला की दिशा से आ रहा डंपर अचानक नियंत्रण खो बैठा। स्थानीय लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना या वाहन का स्टीयरिंग अचानक लॉक हो जाना हो सकता है। हालांकि हादसे की वास्तविक वजह क्या थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगी।

गृहस्वामी हिरन बाई मकान के दूसरे हिस्से में थीं, जिसके कारण वे पूरी तरह सुरक्षित रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन के समय या दुकान खुली होने के दौरान होता, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। बताया जाता है कि इस हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और नैनपुर थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।